# 2-बच्चों की मां ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर मैकेनिक को पीटाः कपड़े उतारकर वीडियो बनाया, मां से 20 लाख मांगे

**बाड़मेर**

बाड़मेर में एसी मैकेनिक को हनीट्रैप में फंसाकर 20 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। परिचित महिला ने मैकेनिक को गाड़ी लेकर बुलाया। इसके बाद अपने बॉयफ्रेंड के साथ उसे स्कॉर्पियो में ले गई। मारपीट कर न्यूड वीडियो बना लिया। महिला ने अपने साथी के साथ मिलकर ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर कर दिए। इसके बाद युवक की मां से 20 लाख रुपए की डिमांड की। युवक ने महिला और उसके साथी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने हनीट्रैप के मामले में पुष्पा (33) और प्रकाश (21) पुत्र मोबताराम निवासी सुनारों का वास, दूधू (बाड़मेर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला दो बच्चों की मां है। पति से अलग बॉयफ्रेंड के साथ रहती है। पुलिस जब महिला को थाने लेकर आई तो उसके चेहरे पर कोई डर नहीं था। वह थाने में हंस रही थी। सदर थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया - AC मैकेनिक पीड़ित झुंझुनूं का रहने वाला है, अभी



अपने परिवार के साथ धोरीमन्ना (बालोतरा) में रहता है। पीड़ित ने कहा- 20 अगस्त की शाम करीब 6 बजे मेरे पास के गांव में रहने वाली पहले से परिचित पुष्पा विश्नोई ने मुझे फोन किया। मुझसे कहा कि एक पार्टी से रुपए बकाया हैं, गाड़ी लेकर चलना पड़ेगा। गाड़ी का किराया मैं दे दूंगी। मैं कार लेकर पहुंचा और पुष्पा को धोरीमन्ना की एक होटल से गाड़ी में बैठाकर साथ ले गया। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया- पुष्पा ने पहले से बनाई गई प्लानिंग के तहत मुझे लूंगी नाडी गांव की तरफ चलने को कहा। बाड़मेर रोड पर शराब के ठेके से शराब और सिगरेट खरीदी, मुझको भी शराब पिलाई। इसके बाद लूंगी नाडी-मुकने का तला रोड पर कार रोकने के लिए कहा। सुनसान जगह पहुंचने के बाद पुष्पा ने अपने दोस्त प्रकाश को मैसेज करके पेमेंट लेकर आने को कहा। कुछ देर बाद प्रकाश तीन बदमाशों के साथ स्कार्पियो लेकर पहुंचा। बदमाशों ने मुझे कार से नीचे खींचा और अपनी स्कार्पियो में बैठाकर ले गए। पुष्पा भी उनके साथ बैठ गई। एक बदमाश मेरी गाड़ी भी साथ लेकर चल रहा था। पीड़ित ने बताया- आरोपी मुझे सुनसान जगह ले गए। वहां मेरे कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया और लात-मुक्कों व वायर से मारपीट की। मेरा मुंह बांध दिया। करीब दो घंटे तक मुझे गाड़ी में घुमाते रहे और मेरे साथ मारपीट करते रहे। आधी रात के बाद प्रकाश ने मेरी मां को फोन कर खुद को सदर थानाधिकारी बताया। राजीनामे के लिए तुरंत 20 लाख रुपए रुपए लेकर आने को कहा। रुपए नहीं देने पर हाथ-पैर तोड़ने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद प्रकाश के साथ मौजूद व्यक्ति ने खुद को कॉन्स्टेबल नगाराम बताते हुए धमकाया कि रुपए की व्यवस्था नहीं की तो बेटा जेल जाएगा। पीड़ित ने कहा- आरोपियों ने मेरा मोबाइल, कार के मूल डॉक्यूमेंट और चाबी ले ली। गले में पहनी करीब एक लाख रुपए की सोने की चेन और जेब में रखे 11 हजार 850 रुपए भी लूट लिए। स्कॉर्पियो में मारपीट के दौरान मेघवालों की ढाणी के पास मेरी स्विफ्ट कार एक पशु से टकरा गई। आगे रास्ता बंद होने पर प्रकाश और एक अन्य आरोपी कार की तरफ गए। इसी दौरान मौका पाकर मैं भाग निकला और नग्न हालत में मेघवालों के घर पहुंचकर बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर 10-15 लोग वहां पहुंचे। लोगों को आते देखकर आरोपी स्विफ्ट कार छोड़कर स्कार्पियो से भाग गए। मेघवाल समाज के लोगों ने मुझे कपड़े दिए। बामणोर चौकी में सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी महिला पुष्पा के साथ उसके साथी प्रकाश को गिरफ्तार किया है।

## बिजली का पोल गिरा, करंट से पिता-पुत्र की तड़प-तड़पकर मौत



**पाली**

पाली जिले में कुएं से पानी लेने जा रहे परिवार पर खेत में लगा क्षतिग्रस्त बिजली का पोल गिर गया। करंट लगने से पिता-पुत्र की तड़प-तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। मां का हाथ झुलस गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे खिंवाड़ा थाना क्षेत्र के पिलोवनी गांव में हुई। महिला को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी बलभद्र सिंह ने बताया- उदयपुर जिले के देवला गांव निवासी रामाराम (45) पुत्र पिताराम गेमती पत्नी सूनड़ी देवी (42) और बेटे सेणाराम (15) के साथ पिलोवनी गांव में रहता था। रामाराम खेत में मजदूरी करने के साथ लकड़ी काटने का काम करता था। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे तीनों कुएं से पानी लेने जा रहे थे। जैसे ही वे खेत में क्षतिग्रस्त बिजली के पोल के पास से गुजरे, अचानक पोल गिर गया। बिजली के तार तीनों के ऊपर गिर गए। करंट की चपेट में आने से रामाराम और सेणाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूनड़ी देवी झुलस गई। उसे तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भेजा गया। फिलहाल उसका इलाज जारी है। पिलोवनी गांव निवासी श्रवण ने आरोप लगाया- खेत में लगा बिजली का पोल काफी समय से क्षतिग्रस्त था। इसे बदलने के लिए डिस्कॉम को कई बार कहा गया था, लेकिन पोल नहीं बदला गया। ग्रामीण का आरोप है कि अगर समय रहते पोल बदल दिया जाता तो यह हादसा नहीं होता।

## कचरे के विवाद में बुजुर्ग की हत्याः अस्पताल में दम तोड़ा



**टोंक**

टोंक जिले के पीतावास गांव में बुधवार की शाम कचरा डालने की बात को लेकर बुजुर्ग की हत्या के मामले में परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हो गए। इसके बाद शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बरौनी थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया- बुधवार को पंचायत प्रशासन की ओर से बरोनी थाना क्षेत्र के पीतावास गांव में सफाई अभियान चलाया गया था। सफाई के बाद निकला कचरा एक पक्ष के घर के बाहर जमा रह गया। इसी बात को लेकर घर के मालिक हीरा लाल गुर्जर (62) ने नाराजगी जताई। पड़ोस में रहने वाले दूसरे पक्ष पर गंदगी फैलाने का आरोप लगाया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इसमें दोनों पक्ष के 5-6 लोग गंभीर घायल हो गए। उन्हें सआदत अस्पताल में भर्ती परीक्षा गया। जहां गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग हीरालाल गुर्जर में दम तोड़ दिया। इसके अलावा मृतक का बेटा रामकुंवर और भतीजा महावीर घायल हो गया । वहीं पड़ोस में रहने वाले दूसरे पक्ष से राजाराम (50), पाना देवी और नीरू भी घायल हुए थे। सभी घायलों को सआदत अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरुवार को बरोनी थानाधिकारी जयमल सिंह राठौड़ पोस्टमार्टम रूम के बाहर पहुंचे और मृतक के परिजनों से बातचीत की। इस दौरान परिजनों ने कहा कि पहले आरोपी गिरफ्तार हो। इस पर थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया कि घटना के बाद ही 5 से 6 लोगों को हिरासत में लिया है और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी अनुसार नियमानुसार इस मामले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नए कोर्ट-परिसर में सुविधाओं की कमी पर वकीलों का प्रदर्शन



**बांसवाड़ा**

जिले के उदयपुर रोड़ पर बनाए नए कोर्ट परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर वकीलों में रोष व्याप्त है। गुरुवार को वकीलों ने नए कोर्ट परिसर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि नए भवन का उद्घाटन हुए लगभग एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अभी तक वकीलों और उनके क्लाइंट के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। वकीलों का कहना है कि कोर्ट परिसर में न तो अधिवक्ताओं के बैठने की कोई जगह है और न ही वे अपनी जरूरी फाइलें सुरक्षित रख पा रहे हैं। शेड के नीचे भी किसी प्रकार की बैठने की व्यवस्था, पंखे, या रोशनी का इंतजाम नहीं है। बारिश के मौसम में वकीलों को अपनी फाइलें संभालने और खड़े होने तक में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट में रोजाना आने वाले वादकारियों (लिटिगेंट्स) और महिला वकीलों और क्लाइंट्स के लिए भी परिसरों में शौचालय या यूरिनल की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जिससे दूर-दराज से आने वाले आमजन को खासी असुविधा होती है। प्रदर्शन के दौरान वकीलों की कोर कमेटी ने सेशन न्यायाधीश से मुलाकात कर अपनी तमाम समस्याओं से अवगत कराया। इस पर न्यायाधीश ने प्रशासनिक स्तर पर चर्चा कर जल्द ही उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। वकीलों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। इस प्रदर्शन के दौरान बीसीआर मेंबर सतीश खांडल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय अधिवक्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया कलाकारों को थाने में धमकाने का आरोपः राजस्थान इनफ्लुएंसर कम्युनिटी ने जताया विरोध

**चूरू**

चूरू में सोशल मीडिया क्रिएटर्स को कथित तौर पर डराने-धमकाने और थाने में मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला गरमा गया है। राजस्थान इनफ्लुएंसर कम्युनिटी के सदस्यों ने गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सदर थाना पुलिस पर दो कलाकारों को थाने बुलाकर कथित रूप से अपमानित करने, मानसिक दबाव बनाने और गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए। कम्युनिटी ने मामले की निष्पक्ष जांच वरिष्ठ अधिकारी से करवाकर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में राजस्थान इनफ्लुएंसर कम्युनिटी के ख्याली सहारण और बनवारीलाल गोस्वामी ने बताया कि 23 अगस्त 2026 को उनके साथी सोशल मीडिया क्रिएटर ओम ने पाकिस्तान के एक इनफ्लुएंसर अदनान को लेकर टिप्पणी वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की थी। पोस्ट को लेकर कुछ पाकिस्तान समर्थक असामाजिक तत्वों ने आपत्ति जताई। ईश्वरचंद्र ने भी इस आपत्ति का समर्थन किया। कम्युनिटी के अनुसार, 24 अगस्त को सदर थाना चूरू से ओम को फोन कर सोशल मीडिया



पोस्ट हटाने के लिए कहा गया। ओम ने पोस्ट तत्काल हटा दी। इसके बाद उनसे माफी मांगने को कहा गया, जिस पर उन्होंने पहले माफी की पोस्ट और बाद में माफी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया। आरोप है कि 25 अगस्त को सदर थाना पुलिस के अधिकारियों ने उनके साथी कलाकार अनिल खारिया को घर से पुलिस थाने ले गए। अनिल ने बार-बार अपनी गलती पूछी और स्वयं थाने आने की बात भी कही, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कथित तौर पर घर से ही ले जाया गया। इसी दिन ओम को भी पुलिस थाने बुलाया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि थाने में दोनों कलाकारों को उनके परिवार और परिचितों के सामने अपमानित किया गया। उन्हें सुबह करीब 11 बजे से शाम 7 बजे तक थाने में बैठाकर मानसिक दबाव बनाया गया और धमकियां दी गईं। कम्युनिटी का दावा है कि कलाकारों को उनका चैनल बंद करवाने के साथ-साथ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी भी दी गई।

## उदयपुर में युवक की मौत पर प्रदर्शन, 3 घंटे बाद सहमति



**उदयपुर**

उदयपुर के खेरोदा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर एक दिन पहले बस दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद समाज के लोगों ने गुरुवार को एमबी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों और लोगों का करीब तीन घंटे तक धरना चला। इस बीच पुलिस की मौजूदगी में बडाला हुंडई कंपनी के प्रतिनिधियों और परिजनों के बीच वार्ता हुई लेकिन विफल रही। आखिरकार तीन घंटे तक चले धरने के बाद मुआवजे देने को लेकर सहमति बनी। कंपनी मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपए का मुआवजा देने पर राजी हो गई। समझौता होने के बाद धरना समाप्त किया गया। सहमति के बाद परिजन शव के पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हो गए। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार, मृतक शहर के शोभागपुरा निवासी भगवानलाल डांगी पिछले कई साल से बडाला हुंडई शोभागपुरा में ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। वह बुधवार को एक कार छोड़ने के बाद वापस बस से उदयपुर लौट रहा था। तभी हादसे में उसकी मौत हो गई थी। हादसा बुधवार को उदयपुर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर मेनार डाक बंगला के पास हुआ। ?जब तेज रफ्तार बस ओवरटेक करते हुए आगे चल रहे ट्रेलर से भिड़ गई। इसमें एक महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। हादसा इतना भीषण था कि बस की छत और कंडक्टर साइड का पूरा हिस्सा उखड़ गया था। बस के शीशे, खिड़कियां सहित अन्य पार्ट्स टूटकर बिखर गए थे।

## मासूम को लगा करंटःखुले तारों की चपेट में आया बच्चा, कॉलोनीवासियों ने थाने में किया प्रदर्शन

**हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ शहर के वार्ड 27 स्थित गणपति कॉलोनी में विद्युत पोल पर लटक रहे खुले तारों की चपेट में आने से एक बच्चे को करंट लग गया। हादसे के बाद कॉलोनीवासियों में रोष फैल गया। बड़ी संख्या में लोग टाउन थाने पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में पीड़ित सतपाल ने पुलिस को परिवाद सौंपा है। परिवाद में सतपाल ने बताया कि कॉलोनी में विद्युत पोल पर कई जगह तार खुले हुए हैं। इन तारों को बदलवाने और सुरक्षित करवाने के लिए कॉलोनी के केयरटेकर को कई बार सूचित किया गया था, लेकिन समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। आरोप है कि समय रहते तारों को ठीक नहीं करवाने के कारण देर शाम उनके पौत्र के साथ यह हादसा हो गया। सतपाल के अनुसार, उनका पौत्र कॉलोनी में था। इसी दौरान विद्युत पोल पर लगी नंगी तारों से उसे करंट लग गया। हादसे के बाद परिजनों और कॉलोनीवासियों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि समय रहते मासूम को करंट की चपेट से बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद लोगों ने कॉलोनी की विद्युत व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। कॉलोनीवासियों का कहना है कि




खुले तारों के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उनका आरोप है कि पूर्व में भी संबंधित केयरटेकर से विद्युत पोल की नंगी तारों को बदलवाने के लिए कहा गया था, लेकिन शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। मामले को लेकर कॉलोनीवासी टाउन थाने पहुंचे और प्रदर्शन कर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा। लोगों ने पूरे मामले की जांच करवाकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही कॉलोनी में खुले विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त करवाने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की पुनरावृत्ति न हो।

## फलोदी में गोवंश के अवशेष मिलने से आक्रोशः सेवगो की बगीची में मिला

**फलोदी**

फलोदी शहर के सेवगो की बगीची क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दुकान के सामने गोवंश के अवशेष मिले। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डिप्टी अचलसिंह देवड़ा, थाना प्रभारी किसनाराम जांगू और एएसआई प्रकाश गोदारा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोवंश के अवशेष को जिला पशु चिकित्सालय फलोदी भेजा। थाना प्रभारी किसनाराम जांगू ने बताया - प्रारंभिक जांच में



सामने आया है कि आवारा कुत्ते गोवंश के सिर को सेवगो की बगीची क्षेत्र में लेकर आए थे। सीसीटीवी फुटेज में भी कुत्ते अवशेष ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। हालांकि, पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि कुत्ते गोवंश के अवशेष को किस स्थान से लेकर आए थे। डॉ. दिनेश मारुति ने बताया - प्रथम दृष्टया अवशेष एक-दो दिन पुराना लग रहा है। गोवंश की मौत की वास्तविक स्थिति और अन्य तथ्य पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

## कार-ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में ड्राइवर की मौतः कार के परखच्चे उड़े

**हनुमानगढ़**

रावतसर-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर गुरुवार को कार और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार ड्राइवर की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर चकनाचूर हो गई और ड्राइवर उसमें फंस गया। राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद कार की हालत बेहद खराब हो गई थी और



ड्राइवर अंदर फंस गया था। मौके पर मौजूद राहगीरों ने प्रयास कर ड्राइवर को कार से बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। हादसे की सूचना मिलने पर शेरगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। शेरगढ़ थाने से एएसआई राजाराम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और हादसे की जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान टिब्बी निवासी निरंजन पुत्र रोहिताश के रूप में हुई है। हादसे के बाद मेगा हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे वाहन ड्राइवरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार सामने आ रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## निकाय चुनाव के बीच पुष्कर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, होटल के कमरे से 1.08 करोड़ संदिग्ध कैश के साथ हिरासत में

**अजमेर**

राजस्थान में अजमेर जिले के पुष्कर निकाय चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता में पुलिस ने अवैध धनराशि के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुष्कर एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित एक होटल के कमरे से पुलिस ने एक करोड़ आठ लाख रुपए की नकदी बरामद की है। इतनी बड़ी राशि मिलने से पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मामले में पुलिस ने पंकज सेन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।



### हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ

जानकारी के अनुसार पुष्कर में निकाय चुनाव के दौरान अभी आचार संहिता लागू है तो वही पुलिस की अवैध धनराशि के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। कार्रवाई ग्रामीण सीओ सत्येंद्र सिंह और पुष्कर थाना पुलिस के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार बरामद राशि को लेकर आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि यह राशि पुष्कर के आसपास करीब चार से छह बीघा जमीन बेचने के एवज में प्राप्त हुई है। हालांकि पुलिस अब इस दावे की जांच कर रही है और नकदी के स्रोत से जुड़े दस्तावेजों और अन्य पहलुओं को खंगाला जा रहा है। निकाय चुनाव के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद पुलिस प्रशासन की कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस ने एक करोड़ आठ लाख रुपए की राशि जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पूरे मामले में सीआई अशोक सिंह की ओर से विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन पर्व



राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** सेंट जॉन्स स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष उत्साह और उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ मनाया गया। पर्व के महत्व को रचनात्मक गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से विद्यालय में ष्रक्षा सूत्र सप्ताहष् के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नन्हे विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बाँधी और बदले में उपहार एवं चॉकलेट प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने राखी कलरिंग प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, सुंदर राखियाँ बनाकर पर्व की भावना को अभिव्यक्त किया। उत्सव में रंग भरते हुए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं द्रौपदी तथा राजा बलि और देवी लक्ष्मी से जुड़ी कथाओं पर आधारित लघु नाटिकाओं के माध्यम से रक्षाबंधन के महत्व और प्रेम विश्वास एवं संरक्षण के भाव को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। भाई-बहन के स्नेहपूर्ण रिश्ते को दर्शाती मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को तालियों के साथ झूमने पर विवश कर दिया। अपने संबोधन में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा मिश्रा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित पर्व नहीं, बल्कि एक.दूसरे की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी निभाने का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष रूप से बालिकाओं के सम्मान सुरक्षा और समानता के प्रति सजग रहने तथा समाज में अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## विश्वसंस्कृत दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया



राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** सेन्ट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आबूरोड़ में गुरूवार को विश्व संस्कृत दिवस और रक्षाबंधन का पवित्र पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, विश्व संस्कृत दिवस जिसे अंतरराष्ट्रीय संस्कृत दिवस और रक्षाबंधन के रूप में चिन्हित किया जाता है जो चन्द्रमा के साथ मेल खाता है। भारत में प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के पावन अवसर को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कक्षा-सप्तमी की छात्रा लाव्या धाकड व अरूणा चौधरीने संस्कृत भाषा में मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर एक-दूसरे के हाथों में रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहिन के अटूट प्रेम का सटीक उदाहरण प्रस्तुत किया। विधालय के संस्कृत शिक्षक जय प्रकाश राजपुरोहित ने मन्त्रोच्चारण करते हुए विश्व संस्कृत दिवस के महत्त्व और इतिहास की विधालय के छात्रों को विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्था के निदेशक सांवरमल जाट एवं प्राचार्य डॉ. जूडी माईकल ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के सुन्दर प्रस्तुतीकरण के उपलक्ष्य मे शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## मोटरसाईकिल चोरी की वारदात करने वाली गेंग का पर्दाफ ाश, दो मुल्जिम गिरफ्तार

राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** जिला पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्रसिंह राठौङद्वारा चोरी, लूट, डकैती की वारदात का खुलासा करने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबूरोङ थानाधिकारी रीको लक्ष्मणसिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने वाली गेंग का पर्दाफ ाश कर दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किये गये। रीको थानाधिकारी चम्पावत ने जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 08.07.2026 को प्रार्थी कैलाशकुमार पुत्र जगसीराम निवासी रेवदर ने सांतपुर से अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने तथा दिनांक 16.07.2026 को प्रार्थी रिद्धी लोधी पुत्र पंकज निवासी महालक्ष्मी कोलोनी आबूरोङने अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने के सम्बंध रिपोर्ट पेश करने पर अलग.अलग प्रकरण दर्ज किये गये। घटना की गम्भीरता को देखते हुए अज्ञात मुल्जिमान की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल, घटनास्थल के आसपास व मुल्जिमान के आने व जाने के सम्भावित रास्तों में लगे कई सैकङें सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये एवं तकनीकी डाटा संकलित कर विश्लेषण किया गया। संदिग्धों की गतिविधियों पर गोपनीय तरीके से निगरानी रखी गई। घटना करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी हेतु मुखबीर मामूर कर आसूचना संकलित की गई। टीम द्वारा घटना के पश्चात रात.दिन मेहनत करते हुए घटना करने वाले मुल्जिमों को ट्रेस आऊट कर जयन्ति पुत्र बदाराम जाति गरासिया उम्र 19 साल निवासी दुनाकाकर क्यारिया थाना आबूरोड सदर जिला सिरोही व बादल पुत्र वरदाराम जाति गरासिया उम्र 20 साल निवासी बलाफली आवल थाना आबूरोड सदर जिला सिरोही गिरफ्तार किये गये।

## पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 31 अगस्त से

राजस्थान दर्शन

**जालोर।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के अंतर्गत जिले में पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) एवं प्रथम मतदान अधिकारी (पीओ-प्रथम) का प्रथम प्रशिक्षण 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर, 2026 को आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह चांदावत ने बताया कि प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, मतदान अधिकारियों के दायित्व एवं ईवीएम प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तहत आहोर नगर निकाय के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर में, जालोर नगर निकाय के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला परिषद हॉल में तथा सायला नगर निकाय के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण सायला पंचायत समिति सभागार में 31 अगस्त 2026 को सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। इसी क्रम में भीनमाल नगर निकाय के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जी.के. गोवाणी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा सांचौर नगर निकाय के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौर में प्रशिक्षण 1 सितम्बर 2026 को सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# माधव विशेष विद्यालय में पहुंचे पेनेशिया दिव्यांग अधिकार के अध्यक्ष डॉ. अरविंदर सिंह व चेयरमैन डॉ. राज कुमार ने विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

राजस्थान दर्शन





**आबूरोड** माधव विश्वविद्यालय के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) राजकुमार एवं उदयपुर के अर्थ डायग्नोस्टिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा पेनेशिया दिव्यांग अधिकार के अध्यक्ष डॉ. अरविंदर सिंह ने माधव विशेष विद्यालय का दौरा किया। दोनों ने विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, प्रतिभाओं एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी रुचियों, प्रतिभाओं और दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में अपनी अलग प्रतिभा और क्षमता होती है। उचित मार्गदर्शन, सहयोग और अवसर मिलने पर विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी भी समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। डॉ. राजकुमार ने विद्यालय में विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों एवं स्टाफ के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी प्रतिभाओं को पहचान कर आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। अर्थ डायग्नोस्टिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा पेनेशिया दिव्यांग अधिकार के अध्यक्ष डॉ. अरविंदर सिंह ने भी विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी गतिविधियों एवं प्रतिभाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के प्रति समाज में संवेदनशील एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना जरूरी है। उचित सहयोग और प्रोत्साहन से विद्यार्थी अपनी विशिष्ट क्षमताओं को निखारकर जीवन में बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर माधव विशेष विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा। डॉ. राजकुमार एवं डॉ. अरविंदर सिंह ने विद्यार्थियों के साथ समय बिताकर उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## माधव विश्वविद्यालय में टीबी जागरूकता पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

राजस्थान दर्शन




**आबूरोड/साकेत गोयल** माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में टीबी जागरूकता एवं उन्मूलन को लेकर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय की प्रो-चेयरपर्सन डॉ. भारती देसाई के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्षय रोग के कारणों, लक्षणों, बचाव, जांच एवं उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान उप महानिदेशक (टीबी) डॉ. शोभिनी राजन का ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. राजन ने विद्यार्थियों को टीबी से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि टीबी संक्रामक रोग है, लेकिन समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसका प्रभावी उपचार संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक होने के साथ परिवार एवं समाज में भी टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। युवा वर्ग जागरूकता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, संक्रमण से बचाव तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।इ्र कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस प्रभारी डॉ. रेणुका एवं सह-प्रभारी डॉ. पूजा शर्मा का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर डॉ. रेणुका ने अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रशासन, वक्ता एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

## नारी शक्ति सहित विभिन्न सामाजिक पहलुओ को रंगोली के माध्यम से किया प्रदर्शित

### सीनियर में सिमरन भाटी, नाजमीन व जुनियर में इरम व आलिया रही प्रथम

राजस्थान दर्शन




**आबूरोड।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम वक्फ कमेटी व मुस्लिम यूथ कमेटी के संयुक्त तत्वाधान मे प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे मुस्लिम महिलाओ व युवतियो द्वारा नारी शक्ति, नारी शिक्षा, नारी उत्पीडन जेसी विभिन्न सामाजिक बुराईयो को दूर करने को लेकर भी रंगो के माध्यम से समाज मे संदेश दिया। प्रतियातियोगिता संयोजक अलिसा मंसूरी, मुनीर जहां, नूरशबा व परवीन बनो ने जानकारी देते हुए बताया कि रंगोली प्रतियोगिता मे सीनियर वर्ग में 22 व जुनियर वर्ग में 32 प्रतिभागियो ने भाग लिया वही मेंहदी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 20 व जुनियर वर्ग में 33 प्रतिभागियो ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता मे निणार्यक की भूमिका राजकीय माध्यमिक विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका शकिला छीपा व जैनब बागवान रही वही मेंहदी प्रतियोगित की निर्णायक समीना बानो व शबाना बानो रही। चारो निर्णायको द्वारा महिलाओ व युवतियो द्वारा बनाई गई रंगोली व मेहंदी कि प्रसंशा करते हुए आज कि ज्वलंत समस्याओ को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित करने पर उनके हिम्मत कि दाद दी गई। सीनियर वर्ग में सिमरन भाटी व नाजमीन प्रथम, मदिना बानो व अफसाना बानो द्वितीय, शबनम बानो व माहिन आरा तृतीय। जूनियर वर्ग में नीदा अली व इरम प्रथम, माहेनूर व नाजीया द्वितीय व साहेनूर व माहेनूर तृतीय स्थान पर रही। मेंहदी प्रतियोता सीनियर वर्ग में कौशर जावेद प्रथम, मुस्कान अब्बासी द्वितीय, आफरीन फातीमा तृतीय स्थान पर रही। जुनियर वर्ग में आरजू मोहम्म्द सुलेमान प्रथम, शबनम बानो द्वितीय व खलीफ ा मारीया तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओ को भामाशाहर परवीन नीशा चंदीजा, शकिला छीपा व मुन्नी अशरफ भाटी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही मुस्लिम यूथ कमेटी द्वारा सभी भाग लेने वाली प्रतिभागियो को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। मुस्लिम वक्फ कमेटी सदर हाजी सलीम खान ने आए हुए अतिथियो, भामाशाहो व प्रतियोगियो का आभार व्यक्य किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मुनीर जहा ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था अलिसा मंसुरी, मुनीर जहां, साबिया, नूरशबा, आयशा कादरी, परवीन बानो, यास्मीन बानो, रूकसाना बानो, निदा जहरा, मुकदशा,आफरीन सहित मुस्लिम यूथ की महिलाओ ने व्यवस्था संभाली

## हर्षोल्लास और एकता के साथ मनाया गया ओणम पर्व



राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** केरल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आपसी एकता का मनमोहक दृश्य सेंट एंसलम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आबू रोड में देखने को मिलाए जहाँ आरपो 2क26 के अंतर्गत ओणम के अवसर पर आबूरोड एवं आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले मलयाली लोगों ने उत्साह और उल्लास के साथ ओणम पर्व मनाया। इस भव्य आयोजन में आबूरोड और आसपास के क्षेत्रों से लगभग सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष बात यह रही कि इस उत्सव में विभिन्न धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर भाग लियाए जिससे ओणम का प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश और भी मजबूत हुआ। यह आयोजन सभी के लिए केरल की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को जानने तथा आनंद लेने का एक सुंदर अवसर बना। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एक सुंदर अथपुक्कलम फूलों से बनाई गई रंगोली रही, जिसने पूरे आयोजन स्थल को पारंपरिक रंग और सौंदर्य से भर दिया। विद्यालय के मैदान में विभिन्न पारंपरिक ओणम खेलों का आयोजन किया गयाए जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों के दौरान हँसीए उमंग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इसके पश्चात विद्यालय के सभागार में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें बच्चों और वयस्कों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नृत्य, संगीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से केरल की समृद्ध कला एवं परंपराओं की मनोहारी झलक प्रस्तुत की। दर्शकों ने सभी प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण ने प्रतिभागियों के उत्साह को और बढ़ाया तथा आयोजन को और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पारंपरिक और स्वादिष्ट ओणम सद्या रहा। वरिष्ठ सदस्यों द्वारा प्रेम और समर्पण के साथ तैयार किए गए इस समृद्ध पारंपरिक भोज ने सभी को एक साथ बैठकर भोजन करने और ओणम की सामूहिक भावना का अनुभव करने का अवसर दिया। सद्या ने आयोजन में आत्मीयता और अपनत्व का रंग और गहरा कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फ ादर जोजो ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर नेहरू हॉकी में हनुमानगढ़ विजेता व अजमेर उप विजेता



### सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन समारोह समारोह पूर्वक संपन्न

राजस्थान दर्शन

**जालोर।** 43वी राज्य स्तरीय सब जूनियर नेहरू हॉकी छात्र वर्ग की प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ विजेता तथा अजमेर उपविजेता रही।प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हनुमानगढ़ ने अजमेर को 7--0 से हराकर खिताब जीत दर्ज की। वही हार्डलाइन मुकाबले में भीलवाड़ा ने उदयपुर को हराकर तीसरा स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कल्याणसिंह पड़ियार, नारायणसिंह पडियार की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेश्याम सोनी, धनसिंह बालावत, सहायक उप निरक्षक ताराराम एवं हंसराम उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी एवं मैडल प्रदान किया। आयोजन समिति के संयुक्त संचालन सचिव अक्षयपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर के 29 जिलों से 537 खिलाड़ियों एवं दल प्रभारी ने शिरकत की। समापन कार्यक्रम में सनराइज उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। खिलाड़ियों से मार्च पास्ट की सलामी लेकर मुख्य अतिथि ने समापन की घोषणा कर ध्वज उतारकर ध्वज समर्पित किया।कार्यक्रम का संचालन अंबिका प्रसाद तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धनसिंह परिहार, जबरसिंह राठौड़, बलवंत चौधरी, सुनील सैनी, नारायणसिंह कालेटी, महेंद्र खोखर, जबरखा, प्रहलादसिंह, शेरकरण, हीरसिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय आम चुनाव-2026- एरिया एवं नोडल मजिस्ट्रेट नियुक्त

राजस्थान दर्शन

**जालोर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के गावंडे ने जिले के नगरीय निकायों के आगामी आम चुनाव-2026 के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एरिया एवं जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद जालोर के जोन संख्या 1, 2 व 3 के लिए जालोर तहसीलदार अर्जुनसिंह चौहान को एरिया मजिस्ट्रेट व राउमावि सांफाडा के प्रधानाचार्य जगदीश चौहान, राउमावि आकोली के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के सहायक आयुक्त चेतन चौधरी को जोनल मजिस्ट्रेट, जोन संख्या 4, 5 व 6 के लिए पंचायत समिति जालोर के विकास अधिकारी पोकाराम सोंलंकी को एरिया मजिस्ट्रेट व बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी अशोक विश्नोई, राउमावि नारणावास के प्रधानाचार्य चम्पालाल खत्री व राउमावि नून के प्रधानाचार्य सूरज सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नगर पालिका आहोर के जोन संख्या 1 व 2 के लिए आहोर तहसीलदार लधाराम को एरिया मजिस्ट्रेट व जेवीवीएनएल आहोर के सहायक अभियंता विनोद कुमार, पीडब्ल्यूडी आहोर के सहायक अभियंता तगेन्द्र कुमार व जोन संख्या 3, 4 व 5 के लिए राजकीय महाविद्यालय आहोर के सहायक आचार्य डॉ. अशोक कुमार खोरवाल, राउमावि गुड़ा बालोतान के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार गर्ग व पीएचईडी आहोर के सहायक अभियंता राजेश नैण को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सायला नगर पालिका के जोन संख्या 1 के लिए विद्युत विभाग सायला के अधीक्षण अभियंता लालचन्द वर्मा को एरिया मजिस्ट्रेट व राउमावि सायला के प्रधानाचार्य कमलकांत दुप्पट, राउमावि रेवतड़ा के प्रधानाचार्य किशोरसिंह, राबाउमावि सायला के प्रधानाचार्य कृष्णानंद व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बावतरा के प्रधानाचार्य सतपालसिंह को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका भीनमाल के जोन संख्या 1, 2, 3 व 4 के लिए भीनमाल तहसीलदार रूपाराम को एरिया मजिस्ट्रेट व पीएम श्री राउमावि भीनमाल के प्रधानाचार्य निम्बाराम चौधरी, राबाउमावि धोराढाल भीनमाल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार दवे, सानिवि उपखंड भीनमाल के अधिशाषी अभियंता कैलाश कुमार व राजकीय महाविद्यालय भीनमाल के सहायक आचार्य कन्हैयालाल को जोनल मजिस्ट्रेट, जोन संख्या 5 व 6 के लिए बागोड़ा तहसीलदार हुकमाराम एरिया मजिस्ट्रेट व सीबीईओ भीनमाल गजेन्द्र कुमार देवासी व सानिवि उपखंड रानीवाड़ा के सहायक अभियंता सुरेश कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नगर पालिका सांचौर के जोन संख्या 1 व 2 के लिए चितलवाना उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार को एरिया मजिस्ट्रेट व राउमावि सांचौर के प्रधानाचार्य मंगला राम विश्नोई व पीएमश्री श्रीमति संति बेन छगनलाल बोकडिया राबाउमावि सांचौर के प्रधानाचार्य रघुनाथ विश्नोई को जोनल मजिस्ट्रेट, जोन संख्या 3 व 4 के लिए सांचौर तहसीलदार प्रवीण कुमार को एरिया मजिस्ट्रेट व राउमावि प्रतापपुरा के प्रधानाचार्य सेंधाराम व राउमावि पलादर के प्रधानाचार्य प्रभूराम को जोनल मजिस्ट्रेट व जोन संख्या 5 व 6 के लिए चितलवाना तहसीलदार बुधाराम साऊ को एरिया मजिस्ट्रेट, राउमावि पहाड़पुरा के प्रधानाचार्य आसुराम व राउमावि धानता के प्रधानाचार्य विष्णुराम को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एसीबीओ प्रथम जब्बरसिंह देवड़ा, राजकीय महाविद्यालय भीनमाल के सहायक आचार्य रमेश कुमार सेवर, राउमावि पोषाणा के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, राउमावि कांटोल, सांचौर के प्राचार्य रघुनाथ राम खिलेरी व राउमावि अगवरी के प्रधानाचार्य विजयपाल को आरक्षित जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जोनल मजिस्ट्रेट अपने आवंटित क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। वे अपने क्षेत्र का निरंतर भ्रमण कर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील (क्रिटिकल) स्थलों पर विशेष निगरानी रखेंगे। नगर निकायों जालोर, आहोर, सायला, भीनमाल व सांचौर के एरिया मजिस्ट्रेटों के लिए प्रथम प्रशिक्षण 2 सितम्बर, बुधवार को सुबह 10 बजे से जिला परिषद सभागार, जालोर में आयोजित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी राव संजय सिंह के लिए मेसर्स पुकार प्रिंटिंग प्रेस, 311-A, चित्रकूट नगर, उदयपुर, राजस्थान- 313001 से मुद्रित एवं 356, रावो का वास, सिन्दरली, तहसील- देसूरी, पाली राजस्थान -306702 से प्रकाशित। संपादकः कमलेश सिंह, एच- 6, नंदपुरी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर- 302017, फोन न- 0141-48199557 मो. 9166693566 E-mail rdnewspali@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पाली होगा (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)